collegebatch.com

**Series ABAB1/2**

**SET ~ 2**

रोल नं.

Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **64/2/2**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट / NOTE :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **9 + 1** मानचित्र है ।
Please check that this question paper contains **9** printed pages + **1** Map.

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **10** प्रश्न हैं ।
Please check that this question paper contains **10** questions.

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
**Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# भूगोल (सैद्धान्तिक)
# GEOGRAPHY (Theory)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 35*

*Time allowed : 2 hours* — *Maximum Marks : 35*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **10** प्रश्न हैं ।*

*(ii)* ***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(iii)* *यह प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ** तथा **ङ** ।*

*(iv)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **3** तक अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है ।*

*(v)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **4** स्रोत-आधारित प्रश्न है जो कि **3** अंकों का है ।*

*(vi)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **5** और **6** लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है ।*

*(vii)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **7** से **9** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है ।*

*(viii)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **10** मानचित्र-आधारित प्रश्न है जो कि **5** अंकों का है ।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । हालाँकि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । इस प्रकार के प्रश्नों में से केवल एक ही विकल्प का उत्तर लिखिए ।*

## खण्ड क

## (अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)

***सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।* $3\times2=6$

**1.** उद्योगों के लिए 'कच्चे माल की प्राप्ति तक अभिगम्यता' क्यों आवश्यक है ? स्पष्ट कीजिए । *2*

**2.** (क) भारत में खनिज की 'उत्तर-पश्चिमी प्रदेश' पेटी की किन्हीं चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । $4\times\frac{1}{2}=2$

**अथवा**

(ख) 'धात्विक खनिजों' की किन्हीं चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । $4\times\frac{1}{2}=2$

**3.** "ग्रामीण विपणन केन्द्र निकटवर्ती बस्तियों का पोषण करते हैं ।" इस कथन को स्पष्ट कीजिए । *2*

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This questions paper contains **10** questions.*

*(ii)* ***All** questions are compulsory.*

*(iii)* *This question paper is divided into **five** sections – **Section A, B, C, D** and **E**.*

*(iv)* ***Section A** – Questions no. **1** to **3** are Very Short-answer Type Questions, carrying **2** marks each.*

*(v)* ***Section B** – Question no. **4** is Source-based Question, carrying **3** marks.*

*(vi)* ***Section C** – Questions no. **5** and **6** are Short-answer Type Questions, carrying **3** marks each.*

*(vii)* ***Section D** – Questions no. **7** to **9** are Long-answer Type Questions, carrying **5** marks each.*

*(viii)* ***Section E** – Question no. **10** is Map-based Question, carrying **5** marks.*

*(ix)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in some questions. Only one of the choices in such questions has to be attempted.*

## SECTION A
## (Very Short-answer Type Questions)

*Attempt **all** questions.* *3×2=6*

**1.** Why is 'access to raw material' necessary for industries ? Explain. *2*

**2.** (a) Mention any four features of the 'North-Western Region' mineral belt in India. $4\times\frac{1}{2}=2$

**OR**

(b) Mention any four characteristics of 'metallic minerals'. $4\times\frac{1}{2}=2$

**3.** "Rural marketing centres cater to nearby settlements." Explain the statement. *2*

collegebatch.com

## खण्ड ख

### (स्रोत-आधारित प्रश्न) *3×1=3*

**4.** निम्नलिखित स्रोत को पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

समन्वित जनजातीय विकास परियोजना (आई.टी.डी.पी.) लागू होने से हुए सामाजिक लाभों में साक्षरता दर में तेज़ी से वृद्धि, लिंग अनुपात में सुधार और बाल-विवाह में कमी शामिल हैं। इस क्षेत्र में स्त्री साक्षरता दर 1971 में 1·88 प्रतिशत से बढ़कर 2011 में 65 प्रतिशत हो गई। पुरुष और स्त्री साक्षरता दर में अंतर अर्थात् साक्षरता में लिंग असमानता भी कम हुई है। *गद्दियों* की परंपरागत अर्थव्यवस्था जीवन निर्वाह कृषि व पशुचारण पर आधारित थी जिसमें खाद्यान्नों और पशुओं के उत्पादन पर बल दिया जाता था। परन्तु 20वीं शताब्दी के अंतिम तीन दशकों के दौरान, भरमौर क्षेत्र में दालों और अन्य नकदी फ़सलों की खेती में बढ़ोतरी हुई है। परन्तु यहाँ खेती अभी भी परंपरागत तकनीकों से की जाती है। इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में पशुचारण के घटते महत्त्व को इस बात से आँका जा सकता है कि आज कुल पारिवारिक इकाइयों का दसवाँ भाग ही ऋतु प्रवास करता है। परन्तु *गद्दी* जनजाति आज भी बहुत गतिशील है क्योंकि इनकी एक बड़ी संख्या शरद् ऋतु में कृषि और मजदूरी करके आजीविका कमाने के लिए काँगड़ा और आसपास के क्षेत्रों में प्रवास करती है।

(4.1) 'समन्वित जनजातीय विकास परियोजना (आई.टी.डी.पी.)' की किन्हीं दो प्राथमिकताओं का उल्लेख कीजिए। *1*

(4.2) 'समन्वित जनजातीय विकास परियोजना (आई.टी.डी.पी.)' ने किस प्रकार '*गद्दियों*' के जीवन को प्रभावित किया ? स्पष्ट कीजिए। *1*

(4.3) भरमौर क्षेत्र में पशुचारण का महत्त्व क्यों घट रहा है ? *1*

## खण्ड ग

### (लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न) *2×3=6*

**5.** 'ग्रामीण विपणन केन्द्र' किस प्रकार 'नगरीय विपणन केन्द्रों' से भिन्न हैं ? स्पष्ट कीजिए। *1×3=3*

**6.** (क) "विश्व में आधुनिक निर्माण के मुख्य संकेंद्रण कुछ ही स्थानों में सीमित हैं।" उदाहरणों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए। *1×3=3*

**अथवा**

(ख) "कुटीर उद्योग निर्माण की सबसे छोटी इकाई है।" उदाहरणों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए। *1×3=3*

collegebatch.com

## SECTION B

## (Source-based Question) *3×1=3*

**4.** Read the following source and answer the questions that follow :

The social benefits derived from Integrated Tribal Development Project (ITDP) include tremendous increase in literacy rate, improvement in sex ratio and decline in child marriage. The female literacy rate in the region increased from 1·88 per cent in 1971 to 65 per cent in 2011. The difference between males and females in literacy level i.e., gender inequality, has also declined. Traditionally, the *Gaddis* had subsistence agricultural-cum-pastoral economy having emphasis on foodgrains and livestock production. But during the last three decades of twentieth century, the cultivation of pulses and other cash crops has increased in Bharmaur region. But the crop cultivation is still done with traditional technology. The declining importance of pastoralism in the economy of the region can be gauged from the fact that at present only about one-tenth of the total households practise transhumance. But the *Gaddis* are still very mobile as a sizeable section of them migrate to Kangra and surrounding areas during winter to earn their living from wage labour.

(4.1) Mention any two priorities of 'Integrated Tribal Development Project (ITDP)'. *1*

(4.2) How has 'Integrated Tribal Development Project (ITDP)' affected the life of '*Gaddis*' ? Explain. *1*

(4.3) Why is the importance of pastoralism declining in Bharmaur region ? *1*

## SECTION C

## (Short-answer Type Questions) *2×3=6*

**5.** How are 'Rural marketing centres' different from 'Urban marketing centres ' ? Explain. *1×3=3*

**6.** (a) "Major concentrations of modern manufacturing have flourished in a few number of places in the world." Support the statement with examples. *1×3=3*

**OR**

(b) "Cottage industry is the smallest manufacturing unit." Support the statement with examples. *1×3=3*

collegebatch.com

## खण्ड घ

### (दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न) *3×5=15*

**7.** (क) 'पार-महाद्वीपीय रेलमार्ग' को परिभाषित कीजिए । पार-कैनेडियन रेलमार्ग की किन्हीं चार विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए । *1+4=5*

**अथवा**

(ख) 'महामार्ग' शब्द को परिभाषित कीजिए । उत्तर अमेरिका में महामार्ग के महत्त्व के किन्हीं चार बिन्दुओं को स्पष्ट कीजिए । *1+4=5*

**8.** "भारत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास ने संचार के क्षेत्र में क्रांति लाने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है ।" इस कथन की परख कीजिए । *1×5=5*

**9.** भारत में 'नगरीय अपशिष्ट निपटान' किस प्रकार एक गंभीर समस्या है ? इस समस्या के समाधान के लिए उपाय सुझाइए । *2+3=5*

## खण्ड ङ

### (मानचित्र-आधारित प्रश्न)

**10.** **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 11 पर) में निम्नलिखित में से किन्हीं ***पाँच*** भौगोलिक लक्षणों को उपयुक्त चिह्नों द्वारा अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *5×1=5*

(10.1) रत्नागिरी – लौह-अयस्क की खानें

(10.2) शिमोगा – मैंगनीज़ की खानें

(10.3) जामनगर – तेलशोधन कारखाना

(10.4) पूर्व-पश्चिम गलियारे का सबसे पूर्वी स्टेशन

(10.5) निवेली – कोयले की खानें

(10.6) 'स्वर्णिम चतुर्भुज' से जुड़ा सबसे दक्षिणी महानगर

collegebatch.com

## SECTION D

## (Long-answer Type Questions) *3×5=15*

**7.** (a) Define the term 'Trans-Continental Railways'. Explain any four characteristics of Trans-Canadian Railway. *1+4=5*

**OR**

(b) Define the term 'Highways'. Explain any four points of importance of highways in North America. *1+4=5*

**8.** "Development of science and technology has significantly contributed in bringing about revolution in the field of communication in India." Examine the statement. *1×5=5*

**9.** How is 'urban waste disposal' a serious problem in India ? Suggest measures to solve this problem. *2+3=5*

## SECTION E

## (Map-based Question)

**10.** On the given political outline map of **India** (on page 11), locate and label any ***five*** from the following geographical features with appropriate symbols : *5×1=5*

(10.1) Ratnagiri – Iron-ore mines

(10.2) Shimoga – Manganese mines

(10.3) Jamnagar – Oil refinery

(10.4) Eastern-most station of the East-West Corridor

(10.5) Neyveli – Coal mines

(10.6) Southern-most metropolitan city connected by 'Golden Quadrilateral'

collegebatch.com

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 10 के स्थान पर हैं । किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :*

(10.1) किस राज्य में रत्नागिरी लौह-अयस्क की खानें स्थित हैं ?

(10.2) किस राज्य में बरौनी तेलशोधन कारखाना स्थित है ?

(10.3) किस राज्य में शिमोगा मैंगनीज़ की खानें स्थित हैं ?

(10.4) पूर्व-पश्चिम गलियारे के सबसे पूर्वी स्टेशन का नाम लिखिए ।

(10.5) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ झरिया कोयले की खानें स्थित हैं ।

(10.6) 'स्वर्णिम चतुर्भुज' से जुड़े हुए सबसे दक्षिणी महानगर का नाम लिखिए । *5×1=5*

collegebatch.com

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 10. Attempt any* ***five*** *questions :*

(10.1) In which State are Ratnagiri iron-ore mines located ?

(10.2) In which State is the Barauni oil refinery located ?

(10.3) In which State are Shimoga manganese mines located ?

(10.4) Name the eastern-most station of the East-West Corridor.

(10.5) Name the State where Jharia coal mines are located.

(10.6) Name the southern-most metropolitan city connected by 'Golden Quadrilateral'. *5×1=5*

collegebatch.com

**प्रश्न सं. 10 के लिए** **For question no. 10**

**भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)**
**Outline Map of India (Political)**

